न्यायालय उपखण्ड अधिकारी करेडा, जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :–महीपाल सिंह, आर0ए0एस0

मुकदमा संख्या :–158/2020 प्रा०पत्र

1. श्री मोहनसिंह पुत्र भीमा रावत नि० चौहानों की खमेरी

––प्रार्थी।

बनाम

1. श्री–श्रीराम पुत्र मोती रेगर नि०–चौहानों की खमेरी – गोरख्या

––विपक्षीगण।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0भू0रा0अधि0 1956

:: **निर्णय** ::

दिनांक:24/11/2020

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0 भू0 राज0 अधि01956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम चौहानों की खमेरी पटवार हल्का गोरख्या भू0अ0नि0 क्षेत्र गोरख्या में उनके खाता संख्या 284 की आ0नं0 16/0.09, 17/0.04, 18/1/0.10, 23/0.09, 24/1.01, 109/0.17, 2256/16/1.09, 2257/18/0.07, 2463/16/1.08, कुल किता 9 रकबा – 6 बीघा 09 बीस्वा स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदाविया के सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमा सबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थीगण अपने खाते/संयुक्त खातें की भूमि की पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराये जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 21/9/2020 को पंजीबद्व किया जाकर प्रकरण को अवलोकनार्थ से यह बात सिद्व है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते एंव कब्जे काश्त की होने से पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार की हैरा–फैरी होने का अदेंशा नहीं है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यों का देखते हुये नैसर्गिक की न्यायिक सिद्वान्त के आधार पर आवेदन पत्र प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

:: **आदेश**::

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 111–128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम चौहानों की खमेरी पटवार हल्का गोरख्या भू0अ0नि0 क्षेत्र गोरख्या में उनके खाता संख्या 284 की आ0नं0 16/0.09, 17/0.04, 18/1/0.10, 23/0.09, 24/1.01, 109/0.17, 2256/16/1.09, 2257/18/0.07, 2463/16/1.08, कुल किता 9 रकबा 6 बीघा 09 बीस्वा भूमि स्थित है। भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये जाने हेतु पत्थरगढी किये जाने हेतु भू.अ.नि0 गोरख्या को 700/– रुपये कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावे। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की मौजूदगी में मौके व कब्जे की यथास्थिति को बनाये रखते हुये मुस्तकिल बि[illegible]सार मानकर पत्थरगढी की जावें। फसल खडी होने पर पत्थरगढी नहीं की जावे।

सलंग्न :–प्रार्थना पत्र प्रति।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2023.02.21 10:41:19 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा (जिला भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर करेड़ा

प्रतिलिपि :– तहसीलदार करेड़ा को भेजकर लेख है कि प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट 07 दिवस में प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा (जिला भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर करेड़ा